तापमान
अधिकतम 40.1 डिग्री
न्यूनतम 19.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 15 जून 2026

12 2 महीने बीतने पर भी नहीं खुला पूल तैराकों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़



12 कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर भाजपा ने हासिल की सफलताः गुप्ता



# जाति, धर्म अथवा समुदाय के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों का खाप करेंगी विरोध

- अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत चिंतन शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत चिंतन शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, समाजशास्त्रियों, मीडिया प्रतिनिधियों, किसान नेताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर गहन चिंतन-मनन किया। विभिन्न विषय विशेषज्ञों के विचार सुनने एवं व्यापक चर्चा के उपरांत अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। तीसरे दिन आयोजित विशेष सत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रविंद्र ढुल, शिक्षाविद प्रोफेसर राजेश मलिक, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डी.पी. वत्स, अमित सांगवान (एएजी) तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और समकालीन सामाजिक चुनौतियों पर अपने सुझाव दिए। प्रतिनिधियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि जिस प्रकार इस चिंतन शिविर में सर्वसमाज की सहभागिता रही है, उसी प्रकार भविष्य के सामाजिक कार्यक्रमों में भी सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि किसी भी जाति, धर्म अथवा समुदाय के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वालों का खाप पंचायतें सामूहिक रूप से विरोध करेंगी। किसान हित, पर्यावरण संरक्षण तथा खाद्य पदार्थों की शुद्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्रों एवं खाप संगठनों के सहयोग से किसान मेले, कृषि प्रदर्शनियां तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। चिंतन शिविर में युवाओं के नैतिक उत्थान एवं नशामुक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।



### ये प्रस्ताव हुए पारित

प्रस्ताव पारित किया गया कि विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक नैतिक मूल्यों एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं। नशे की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियों का गठन किया जाए, जिनमें खाप प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए ताकि सरकारी प्रयासों की प्रभावी निगरानी हो सके। हिंदू मैरिज एक्ट के अंतर्गत गांव, गोत्र एवं गुहांड के भीतर विवाह को वैध न माने जाने संबंधी विषय पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधि विशेषज्ञों की राय के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि इस विषय को राज्य सरकारों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा सभी खाप पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों के विधायकों से संपर्क कर विधानसभा में इस विषय को उठाने का प्रयास करेंगी। चिंतन शिविर में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि पारित प्रस्तावों को प्रभावी रूप से लागू करवाने के लिए 21 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जो विभिन्न खाप पंचायतों एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर इन निर्णयों को धरातल पर लागू करवाने का कार्य करेगी।

### लिव-इन रिलेशनशिप तथा समलैंगिकता पर हुई चर्चा

चिंतन शिविर में लिव-इन रिलेशनशिप तथा समलैंगिकता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से इन विषयों पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने तथा भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करने का आह्वान किया गया।

### दीनबंधु सर छोटूराम को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग

इस अवसर पर महान किसान नेता, राष्ट्रनिमार्ता एवं ग्रामीण भारत के मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठी। देशभर से आए सैकड़ों सामाजिक संगठनों, खाप पंचायतों एवं प्रतिनिधिमंडलों ने अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे ३दीनबंधु सर छोटूराम को भारत रत्न३ अभियान के समर्थन में अपने लिखित समर्थन-पत्र सौंपे। उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण समाज के उत्थान में सर छोटूराम के ऐतिहासिक योगदान को देखते हुए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### उत्तर भारत की खाप पंचायतों एवं सामाजिक संगठनों ने लिया भाग

कार्यक्रम में खत्री खाप, सहरावत खाप, देशवाल खाप, बाल्यान खाप सहित उत्तर भारत की अनेक खाप पंचायतों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय चिंतन शिविर के सफल आयोजन, उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण के लिए उत्तर भारत सर्वखाप महापंचायत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सर्वखाप प्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मान स्वरूप गदा भेंट कर अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्ण श्योकंद, प्रधान संजय देशवाल, डॉ. जोगेंद्र मोर, छात्र नेता रौनक खत्री तथा किसान नेता अक्षय नरवाल ने चिंतन शिविर के निष्कर्षों एवं पारित प्रस्तावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों के समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है तथा चिंतन शिविर में लिए गए निर्णयों को लागू कराने के लिए सभी खाप पंचायतें, सामाजिक संगठन एवं जागरूक नागरिक मिलकर कार्य करेंगे।

## खबर संक्षेप

### चार तक रद्द रहेंगी ट्रेनें यात्रियों को होगी परेशानी

**अंबाला।** अंबाला रेल मंडल के चंडीगढ़-मोहाली-खरड़ रेल खंड पर चल रहे पीक्यूआरएस काम के कारण रेलवे प्रशासन ने रद्द की गई ट्रेनों की अवधि को जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया है। इससे यात्रियों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अंबाला मंडल द्वारा जारी आदेशों के अनुसार उक्त रेल खंड पर ट्रैक नवीनीकरण का काम बीते वर्ष 15 नवंबर 2025 से चल रहा है। इस काम के लिए ब्लॉक के चलते पहले से रद्द चल रही ट्रेनों की समय सीमा में विस्तार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, निर्माण कार्य को देखते हुए सुरक्षा और परिचालन के लिहाज से यह निर्णय लिया गया है। अंबाला-नंगल डैम मैमू और अंबाला-दौलतपुर चौक डीएमयू से लगभग दो हजार से अधिक दैनिक यात्री और आमजन सफर करते हैं।

### केबल ऑपरेटर संदिग्ध परिस्थितियों में लातपा

**यमुनानगर।** जिले के शाहपुर जाटान निवासी केबल ऑपरेटर हाईवे से संदिग्ध परिस्थितियों में लातपा हो गया। देर रात जब परिजन उसकी तलाश करते हुए हाईवे के पास पहुंचे तो सड़क किनारे खेतों के पास उसकी बाइक लावारिस हालत में पड़ी थी, जबकि पास में उसका एक जूता, दूध की थैली और एक टूटी हुई माला मिली। घटनास्थल से व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चलाते हुए जांच शुरू कर दी। फिलहाल लापता व्यक्ति का कोई पता नहीं चल पाया है, जिससे परिवार और ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। गांव शाहपुर निवासी करण ने बताया कि उसके चाचा 40 वर्षीय शीशपाल केबल ऑपरेटर का काम करता है और दो बच्चों का पिता है।

## वारदात के बाद नाले में मिली हमलावरों की स्कॉर्पियो

# कुरुक्षेत्र में डेढ़ दर्जन गोलियां चलाकर बदमाश हुए फरार

**हमलावर स्कॉर्पियो छोड़कर फरार, पुलिस कई टीमों के साथ आरोपियों की तलाश में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र रविवार अलसुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठी। ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार होकर आए बदमाशों ने दो युवकों पर करीब डेढ़ दर्जन राउंड फायरिंग कर दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। हमले में गांधी नगर निवासी 20 वर्षीय अमन और 20 वर्षीय प्रिंस घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, गंभीर हालत के चलते दोनों को पीजीआई चंडीगढ रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के समय अचानक स्कॉर्पियो में आए हमलावरों ने युवकों को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार होने लगे, लेकिन स्थानीय लोगों ने उनका पीछा किया। भागने के दौरान आरोपियों की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर एक नाले में जा गिरी। हालांकि आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं। पुलिस ने नाले में गिरी स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और वाहन से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग जुटाए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में मामला पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि पुरानी रंजिश या आर्थिक विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया हो सकता है। हालांकि अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। डीएसपी सुनील कुमार का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।



कुरुक्षेत्र। मौके पर मौजूद पुलिस।



कुरुक्षेत्र। नाले में गिरी पड़ी स्कारपियो।

## घर के बाहर बैठे 2 युवकों पर लाठी-डंडों से हमला : गंभीर रूप से घायल

*पानीपत। अर्जुन नगर क्षेत्र में सरेआम गुंडागर्दी और जानलेवा हमले का एक मामला सामने आया है। यहां दो गाड़ियों में सवार होकर आए करीब 10-12 हथियारबंद बदमाशों ने घर के बाहर बैठे मकान मालिक और उसके किराएदार पर ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। बदमाशों ने दोनों को बेरहमी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। फिर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित यश ने थाना पुराना औद्योगिक के एसएचओ को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका किराएदार साहिल दोनों घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक वहां दो गाड़ीं आकर रुकीं। इन गाड़ियों में से निखिल उर्फ टिंकू, अमित उर्फ फुकरा और उनके साथ करीब 7 से 8 अन्य लोग हाथों में हथियार लहराते हुए नीचे उतरे। यश के अनुसार, आरोपियों के हाथों में अवैध बंदूक, तलवार, गंडासी और लाठी-डंडे थे। आरोपियों ने बिना कोई बात किए सीधे यश और साहिल पर जानलेवा हमला बोल दिया। बदमाशों ने दोनों को घेरकर हथियारों और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में यश और साहिल दोनों को गंभीर चोटें आईं और वे पूरी तरह जख्मी हो गए। आरोपी उन्हें मरा हुआ समझकर वहीं छोड़ गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पहले भी साहिल को धमकी देकर गए थे। हमले के दौरान बदमाशों ने यश को निशाना बनाते हुए बेहद गंदी और जातिसूचक गालियां दीं। जाते-जाते आरोपी दोनों को दोबारा दिखने पर जान से मारने की सीधी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उनकी पहले भी किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी।*



### संगीन धाराओं में केस दर्ज, मौके पर पहुंची पुलिस

वारदात के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने पीड़ित यश की लिखित दरखास्त पर तुरंत संज्ञान लिया है। पुलिस ने आरोपी निखिल उर्फ टिंकू, अमित उर्फ फुकरा और उनके अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## एचएफयूसीटीओ के अध्यक्ष बने डॉ. जितेन्द्र खटकड़

**शिक्षक हितों एवं उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर पारित हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव**



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन्स के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन्स की बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के कार्यालय में एआईएफयूसीटीओ के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एचएफयूसीटीओ के महासचिव डॉ. दयानंद मलिक ने जानकारी दी कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र खटकड़ को सर्वसम्मति से एचएफयूसीटीओ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में फेडरेशन प्रदेश के शिक्षकों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगी। अपने संबोधन में डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकों के हितों की रक्षा तथा हरियाणा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। प्रमुख मुद्दों में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के शिक्षक डॉ. विकास सिवाच का निलंबन शामिल रहा। फेडरेशन ने निर्णय लिया कि एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही एमडीयू के कुलपति एवं कुलसचिव से मिलकर निलंबन आदेश वापस लेने की मांग करेगा। फेडरेशन ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अधिनियमों एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की, विशेषकर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार तथा दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में एआईएफयूसीटीओ के उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह, एचजीसीटीए के अध्यक्ष प्रो. राजेश, एचसीटीए के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह, जीजेयूटीए के अध्यक्ष श्री विनोद गोयल, आईजीयू की अध्यक्ष प्रो. सविता श्योराण, जूफा के महासचिव डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. परवेश कुमार, डॉ. राहुल कुमार, कूटा के सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक बब्बर, डॉ. गुरचरण, डॉ. दिनेश धनकड़, डॉ. विनिता भांकर, डॉ. संगीता, डॉ. चन्द्र सिंह, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. राजिन्द्र देसवाल, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. विजय कुमार, प्रवेश चोपड़ा तथा प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों के अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## क्रिप्टो निवेश के नाम पर महिला से 4.94 लाख रुपए की ठगी

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर में क्रिप्टो करेंसी और निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी ज्योति नन्दा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ज्योति नन्दा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पहचान वर्ष 2018 में नौकरी के दौरान संजीव कुमार से हुई थी। आरोपी ने खुद को बीएफएक्स कंपनी का एजेंट बताकर उसे निवेश करने के लिए कहा। उसने भरोसा दिलाया कि कंपनी क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा देती है और निवेश पूरी तरह सुरक्षित है। आरोपी की बातों में आकर ज्योति नन्दा ने अलग-अलग समय पर कुल 2.55 लाख रुपये निवेश किए। इस दौरान आरोपी और उसके साथी ने बैंक डिटेल, कैंसिल चेक, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज भी ले लिए। शुरूआत में जनवरी 2025 में पीड़िता के खाते में 16 हजार रुपये आए, लेकिन इसके बाद कोई पैसा नहीं मिला। जब ज्योति ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पहले तकनीकी खराबी और बाद में कंपनी पर प्रतिबंध लगने का बहाना बनाया। लंबे समय तक टालमटोल करने के बाद आरोपी ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। आरोप है कि पैसे मांगने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा ने की। प्राथमिक जांच में कुल 4.94 लाख रुपये की धोखाधड़ी सामने आई।

## नालों का किया मुआयना, नालों पर हुए अवैध कब्जों को तुरंत हटाने के निर्देश

# बरसाती सीजन को लेकर फील्ड में उतरे कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- बरसात में जलभराव से निपटने की पुख्ता व्यवस्था करने के भी आदेश जारी

बरसाती सीजन को लेकर नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत भी फील्ड में उतर गए। उन्होंने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। सफाई शाखा की टीम मुख्य सफाई निरीक्षक मदन लाल, सफाई निरीक्षक राकेश, सहायक सफाई निरीक्षक सुशील कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक राजकुमार, को साथ लेकर उन्होंने पुराना सेशन कोर्ट ड्रेन, इंको ड्रेन, घेल ड्रेन की सफाई का निरीक्षण किया। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य छोटे बडे नालो का भी निरीक्षण कर सफाई अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने जांच के दौरान महावीर पार्क, नौरंग तालाब तथा बाल भवन के आस पास के झाडियों की सफाई करने के आदेश दिए। अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त के द्वारा सफाई निरीक्षकों थोक अपशिष्ट उत्पादक का सर्वेक्षण करने।



### मानसून तैयारी तेज, सफाई व अतिक्रमण हटाने पर निगम सख्त हुआ

नालों की रेगूलर सफाई करवाने व कूडा समय पर उठाने की बात कही गई। इतना ही नहीं नालों के किनारे उगी हुई घास को तुरंत साफ करने, रोड की दोनो तरफ साइड में पडे हुए कागज लिफाफे व दूसरे कूडे को भी साफ करवाने के निर्देश दिए गए। खाली प्लाट में पड़े कूडे को साफ करवाना व मालिकों का पता उनको नोटिस देकर कार्रवाई के भी आदेश दिए गए। इसके अलावा एएमसी ने वार्डों में सीएनडी वेस्ट उठाना और सीएनडी वेस्ट डालने वालों के खिलाफ नोटिस के जरिए कार्रवाई करने की भी बात कही है। सभी चौको के आस-पास सफाई करवाने, वाटर पंपों की सर्विस करवाने के निर्देश दिए गए ताकि बरसाती सीजन में किसी तरह की समस्या न आए। इसके अलावा नालों तथा रोड के उपर से अस्थाई कब्जे हटाने के भी निर्देश दिए गए ताकि बरसात के दौरान जलभराव तथा बाढ जैसी स्थिति से समय पर निपटा जा सकें। इसके अलावा कई स्थानों पर लोगों द्वारा मकान बनाकर या सीढिया बनाकर कब्जा किया गया है। कार्यकारी अभियंता व रेंट ब्रांच को ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सफाई निरीक्षक को आदेश दिए गए कि सभी सफाई दरोगाओं को सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए जाए ताकि नागरिकों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप



### भगवान शिव के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगी

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में रविवार को भोलेनाथ का पंचामृत स्नान दूध, दही, घी, शक्कर एवं शहद से कराया गया। इसके बाद शिव स्तुति का पाठ हुआ तथा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगी। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। यजमान के रूप में पवन धमीजा, सुषमा धमीजा एवं रिया धमीजा ने सहभागिता की। पंडित अनिल द्विवेदी एवं पंडित हरीश शास्त्री ने श्री नर्मदेश्वर महादेव का पुष्प श्रृंगार, मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। अधिक मास के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं ने उमापति महेश एवं भगवान विष्णु का आशीर्वाद ग्रहण कर विश्व कल्याण एवं समृद्धि की कामना की। भजन संध्या में अनु खट्टर, संगीता बत्रा एवं सुशील मदान ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।

### सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर गीता पाठ आज

**कुरुक्षेत्र।** गीतामनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र में 15 जून को सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर ब्रह्मसरोवर में जीओ गीता द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामूहिक श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, नाम-जप यज्ञ, जल सेवा, प्रसाद वितरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभिन्न सेवा कार्यों की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सेवा दलों का गठन कर विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने सभी सेवाव्रती सदस्यों को सेवा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संदेश देते हुए कहा कि गीता का दिव्य संदेश जन-जन तक पहुंचाना और समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी को मिलकर आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने का आह्वान किया।

### बच्चों को मिडब्रेन एक्टिवेशन सिखाया

**थानेसर।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के पावन सान्निध्य में अजपा सिद्ध योग, सुरति योग और बालोत्सव कार्यक्रम के साधकों ने अपना फीडबैक दिया। आचार्य दीपेन्द्र ने सभी बच्चों को सुन्दर प्रशिक्षण दिया। जिसमें बच्चों को ध्यान, प्रज्ञा, उत्सव के साथ मिडब्रेन एक्टिवेशन सिखलाया गया। समर्थगुरु धाम के केंद्रीय संयोजक आचार्य दर्शन जी ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल , हरियाणा में अगले वर्ष बालोत्सव कार्यक्रम 1जून से 6 जून 2027 को होगा।

घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला फार्म में कार्यक्रम

# तीन विकास कार्यों का किया उद्घाटन और शिलान्यास

- विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रहे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला फार्म में करीब 50 लाख रुपये की लागत के तीन विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करके जनता को एक बड़ी सौगात दी। इनमें 25 लाख 27 हजार रुपये की लागत से फिरनी कार्य का लोकार्पण, 15 लाख रुपये की लागत से हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा 9 लाख 71 हजार रुपये की राशि से बनने वाली 2 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरविन्द्र कल्याण का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया और गांव के सरपंच सुधीर ने बुक्का देकर तथा गांव के मौजिज व्यक्तियों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया तथा अन्य ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उक्त विकास कार्य के उद्घाटन एवं शिलान्यास की शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि गांव के विकास की गति को ओर तेज किया जाएगा तथा सरपंच द्वारा गांव के विकास के लिए रखी गई मांगों को भी पूरा करवाया जाएगा। ग्रामीण विकास के मामले में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विकास के मामले में तस्वीर व तकदीर बदली है।



**घरौंडा।** विकास कार्य का शिलसन्यास करते विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रमेश खटखड़, पंचायत राज जेई अमनदीप कुमार, जिला परिषद की उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि धीरज खरकाली, मंडल अध्यक्ष सचिन राणा, मार्केट कमेटी के वाईस चेयरमैन संदीप चौहान, गांव के सरपंच सुधीर सहित अन्य गांव के सरपंच व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि जीवनदान भी : रेणु बाला गुप्ता

- विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदाताओं कासम्मान, युवाओं से नियमित रक्तदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं, आयोजकों एवं समाजसेवियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही रक्तदाता युवाओं एवं स्वयंसेवकों से संवाद कर उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए समाजहित में किए जा रहे कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का ऐसा श्रेष्ठ माध्यम है, जिसके जरिए किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है।



**करनाल।** विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

### स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना होगा : रेणु

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में करनाल शहरी मंडल द्वारा हांसी चौक से रघुनाथ मंदिर चौक तक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# 12 वर्षों में सेवा, सुशासन गरीब कल्याण को नई दिशा : जगमोहन

- रामनगर मंडल के कार्यक्रम में गिनाईं केंद्र की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मई 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों से सकारात्मक परिवर्तन का वादा किया था। आज 12 वर्षों बाद देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

रामनगर मंडल अंतर्गत बालाजी नगर रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकल चुके हैं तथा बहुआयामी गरीबी 29 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत पर आ गई है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। वहीं हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आमजन के जीवन को आसान बनाने के लिए अनेक कदम उठा रही है। विधायक ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, युवा, महिला एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि देशभर में 44.09 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं तथा लाखों लोगों को मुफ्त उपचार का लाभ मिला है। इसके साथ ही आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को भी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

# सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद

- मानव सेवा संघ ने करवाया जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को करनाल मानव सेवा संघ की ओर से आयोजित जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में सहभागिता की। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन केवल सामाजिक दायित्व का निर्वहन नहीं करते, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवता के मूल्यों को भी सुदृढ़ बनाते हैं। जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह का दायित्व उठाना वास्तव में महान सेवा है, जो समाज को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने मानव सेवा संघ द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना को मजबूत करते हैं।

# भाखड़ा नहर में डूबे युवक का शव बरामद, परिवार में मचा कोहराम

- लल्यानी गांव निवासी करण दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भाखड़ा नहर में डूबे युवक करण का शव आखिरकार अगले दिन बरामद कर लिया गया। यह दर्दनाक घटना नडाना और जटपुरा गांव के पास की बताई जा रही है, जहां गोताखोरों और एसजेएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार, लल्यानी गांव निवासी करण अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि करण के साथ अन्य युवक भी नहर में उतरे थे, लेकिन वे सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि करण पानी की तेज धारा में डूब गया।

घटना की सूचना मिलते ही गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी के बावजूद उन्होंने साहस दिखाते हुए नहर में उतरकर युवक के शव को बाहर निकाला। इस दौरान मधुबन से एसजेएफ टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग किया।



## राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन व पत्रिका प्रकाशन पर हुई चर्चा

# साहित्य समाज को नई दिशा देने का सशक्त माध्यम

- सांझा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सांझा साहित्य मंच की ओर से सेक्टर-12 स्थित हुडा वर्कर यूनियन कार्यालय में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चे ग्वेरा की जयंती पर उन्हें याद करते हुए तथा शायर बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी दो गजलें पढ़कर की गई। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान के लिए भी प्रेरित किया गया। गोष्ठी में जुलाई माह में राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सांझा साहित्य मंच अगस्त माह से त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका 'कलम संवाद' का ऑनलाइन प्रकाशन शुरू करेगा।

कार्यक्रम जनाब कमर रईस और ओमप्रकाश सिहमार की सरपरस्ती में आयोजित हुआ। अध्यक्षता दीपक कुमार समालखा ने की, जबकि लखनऊ से आए अनाम आलोक मुख्य अतिथि रहे। हरबंस पथिक एवं सुषमा चौपड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन कृष्ण कुमार निर्माण ने किया। काव्य पाठ के दौरान कृष्ण कुमार निर्माण, संगीता शर्मा झंझाड़ी, डॉ. कमर रईस, दीपक कुमार समालखा, ओमबीर काजल, सुरेंद्र कल्याण बुटाना, मनोज मधुरभाषी, नीलम नरेश, कमलजीत गौतम, गुरमुख सिंह वड़ैच, दलीप खरेरा, हरबंस पथिक, नरेश लाभ, विराज धीमान, कमल किशोर, आशीष ताज नीलोखेड़ी, कर्णजीत सिंह मान, हविश कांबोज, खुशाल रोजड़ा, राजपाल रोजड़ा तथा इकबाल पानीपती ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर: रोशन लाल गुप्ता, सुषमा चौपड़ा, नरेश कुमार, सक्षम कुमार, जश्न कुमार, मोहिंदर नागपाल, आशा नागपाल, गुरविंदर पुरी, शिवम आदि मौजूद रहे।



**करनाल।** सांझा साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी में काव्य पाठ करते साहित्यकार एवं उपस्थित अतिथि।

### 'एंटी करप्शन' की आड़ में उगाही! संस्था संचालक ही गिरफ्तार

**करनाल।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का दावा करने वाली संस्था एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का संचालक ही अब कथित उगाही और धोखाधड़ी के आरोपों में पुलिस के शिकंजे में आ गया है। करनाल निवासी नरेंद्र अरोड़ा को सदर बाजार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब संस्था के नेटवर्क, सदस्यों की संख्या और लोगों से वसूली गई रकम की जांच कर रही है।

आरोप है कि नरेंद्र अरोड़ा संस्था का सदस्य बनाने के नाम पर लोगों से दो हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक वसूलता था। संस्था के सदस्य विभिन्न राज्यों में बनाए गए थे और नए सदस्य जोड़ने के लिए कथित तौर पर चेन सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाता था।

## न्यूज डायरी

### नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर



**तरावड़ी।** तरावड़ी के वार्ड नं. 2 के मुख्य मार्ग पर नालियों के ओवरफ्लो होने से शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गालियों की मुख्य नालियां जाम होने से सडक़ पर गंदा पानी जमा होने के कारण राहगीरों, और गली के लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि काफी समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह और शाम के समय सड़क पर पानी भर जाने से सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को होती है। वहीं सडक़ पर फैली गंदगी और बदबू से आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। वार्ड के हैप्पी, पंकज, नरेन्द्र कुमार, शन्टी शर्मा, ओमप्रकाश, जयकुमार का कहना है कि कई बार नगर पालिका अधिकारियों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। नालियों में जमा कचरा और गाद के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे गंदा पानी सडक़ पर बह रहा है। क्षेत्र में मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवाई जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**इंद्री।** हरियाणा कांबोज सभा द्वारा इंद्री स्थित कुंदन फार्म में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कांबोज सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुमेर चंद कांबोज ने की व मंच का संचालन मास्टर राकेश कांबोज ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट जयप्रकाश कंबोज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री कर्ण देव कांबोज और प्रदीप चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना था। इस अवसर पर समाज के दसवीं व बारहवीं कक्षा के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए है । इसके साथ ही समाज के उन शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिनके विषय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है और मेधावी विद्यार्थियों तथा समर्पित शिक्षकों का सम्मान करना समाज की सकारात्मक सोच को दर्शाता है। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत कर जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान राजेंद्र कांबोज, तरसेम कांबोज, रोशन लाल कांबोज व विपिन कांबोज सहित सभा के पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### श्री घंटाकर्ण भक्तों पर बरसाते हैं कृपा : प्रमिला



**करनाल।** इंद्री रोड स्थित घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान में कृष्ण चौदस के अवसर पर महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस पर भक्ति संगम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ घंटाकर्ण बीज मंत्र के सामूहिक जाप से हुआ, जिसमें विश्व कल्याण एवं जनमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, दीपक जैन, रीटा जैन एवं पवन जैन ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महासाध्वी प्रमिला महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भक्ति परमात्मा की कृपा प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम है। निष्काम भक्ति अधिक फलदायी होती है और दैवी शक्तियां अपने भक्तों पर सदैव वात्सल्य बरसाती हैं।उन्होंने कहा कि श्री घंटाकर्ण महावीर भक्तवत्सल देवता हैं, जो अपने उपासकों की विपत्तियों का निवारण कर उन्हें सुख, समृद्धि एवं संरक्षण प्रदान करते हैं। जैन परंपरा में उन्हें भगवान महावीर का शासन रक्षक देव माना जाता है, जबकि वैदिक परंपरा में उन्हें बद्रीनाथ धाम के क्षेत्रपाल देवता एवं भगवान शिव के गण के रूप में पूजा जाता है।महासाध्वी प्रमिला जी महाराज ने कहा कि मंत्र साधना और आराधना के माध्यम से भय, कष्ट एवं विभिन्न बाधाओं से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। साधना के क्षेत्र में श्री घंटाकर्ण महावीर की विलक्षण शक्तियां उन्हें सर्वमान्य बनाती हैं। साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, दीपक जैन, रीटा जैन, पवन जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आरती एवं प्रीतिभोज की सेवा का लाभ विजय सिंह, कार्यकारी अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली ने प्राप्त किया।

### सेवा और समर्पण की प्रेरणा देती है अमरनाथ यात्रा

**करनाल।** श्री अमरनाथ युवा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित भव्य मिलन दिवस समारोह श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भगवान भोलेनाथ के चरणों में शीश नवाकर नगरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि त्याग, अनुशासन, सेवा और मानव कल्याण की महान परंपरा का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक समरसता की डोर सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हैं। महापौर ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित भंडारे, धार्मिक अनुष्ठानों तथा आगामी शोभायात्रा की तैयारियों में जुटे युवा साथियों और श्रद्धालुओं के उत्साह, समर्पण एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाजहित में इस प्रकार के प्रयास अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि सेवा और संस्कारों से परिपूर्ण ऐसे आयोजन सामाजिक एकजुटता को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

### रामायण जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणादायी धरोहर

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को स्वर्गीय महेंद्र जिंदल एवं दिनेश जिंदल के निवास पर आयोजित पावन रामायण पाठ, भोग एवं भंडारे में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। उन्होंने धर्म एवं आध्यात्मिकता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए प्रभु श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग एवं धर्ममय जीवन से जुड़े प्रेरणादायी संदेशों का श्रवण किया। साथ ही परिवारजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ पुण्य प्रसाद ग्रहण किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, कर्तव्यनिष्ठा, सेवा और लोककल्याण का अनुपम उदाहरण है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणादायी धरोहर है, जो समाज को नैतिक मूल्यों एवं मानवीय संस्कारों से जोड़ती है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने तथा सेवा और परोपकार की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है।

### लोगों ने आरोपी डॉक्टर का पुतला फूंका

**कुरुक्षेत्र।** कथित दुष्कर्म मामले के आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा उर्फ शैली के खिलाफ अनुसूचित समाज का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को समाज के लोगों ने अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर आरोपी डॉक्टर का पुतला फूंका और उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से डॉक्टर की मेडिकल डिग्री तत्काल रद्द करने तथा उसे फांसी की सजा देने की मांग उठाई। इससे पूर्व अनुसूचित समाज के लोग रविदास धर्मशाला में एकत्रित हुए, जहां मामले को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने रोष मार्च निकाला।

## खबर संक्षेप

### ससरालियों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में अंतर्जातीय विवाह करने वाली विवाहिता को सुसरालियों ने प्रताड़ि किया। वहीं, पीडित विवाहिता ने थाना हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस को दी शिकायत में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ संगीन आरोप लगाए हैं। पुलिस ने विवाहिता के पति सन्नी, सास इंदु रानी, ननद ज्योति, जेठ कपिल और जेठानी कंचन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए थाने में बुलाया जाएगा, वहीं पुलिस की जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गोली मारने का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने गांव मतलौडा में गांव अटावला निवासी अंशुल पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने के आरोपी अजीत उर्फ सोनू निवासी गांव जोशी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी अजीत ने जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। वहीं, पुलिस ने अजीत को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात के प्रयुक्त पिस्टल बरामद करने का प्रयास करेगी। स्मरणीय है कि थाना मतलौडा में गांव अटावला निवासी अंशुल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मंदिर में चोरी करने का आरोपी पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एल्डिको अस्टेट वन स्थित मंदिर में रखे दान पात्रों से चोरी करने वाले शातिर चोर शिवम पुत्र मुकेश निवासी गांव निजामपुर जिला को शनिवार देर शाम देवीलाल पार्क से गिरफ्तार किया। मंदिर में रखे 4 दान पात्रों से 25 हजार रूपए की नकदी चोरी की थी। वहीं, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी ने 21 मई की रात एल्डिको स्थित मंदिर में रखे दान पात्रों को तोड़कर 25 हजार रूपए की नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है।

### धानक समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**पानीपत।** धानक समाज जिला पानीपत की बैठक धानक भवन कबीर छात्रावास हुड्डा सेक्टर 6 में कृष्ण दुग्गल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डॉ.रणधीर मोर ने धानक समाज की एकता, शिक्षा, संगठन और जागरूकता पर बल देते हुए युवाओं से समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिलबाग खटक, धर्मपाल दैहड़ान, जगदीश नागर, मिस्त्री इन्द्र सोलंकी, जगदीश नौल्था, मानसिंह लडवाल, रमेश ग्वालड़ा, डॉ.प्रदीप भालसी, सुरेंद्र निनानिया आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा तरक्की का आधार: डॉ. हरीश

**पानीपत।** शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य और सशक्त राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया जाना इस बात का प्रमाण है कि आज का युवा शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ रहा है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आह्वान किया कि वे समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक अवसरों का लाभ उठाएं।

### भाजपा हर मोर्चे पर विफल : बलबीर सिंह

**इसराना।** पानीपत जिला की विधानसभा इसराना के कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की गांव इसराना में बैठक हुई। बैठक में एसआईआर को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को वोट फार्म के एक-एक कालम के बारे में समझाया गया कि किस कालम में क्या-क्या जानकारी भरनी है। पूर्व विधायक बलबीर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। वहीं, भाजपाई, कांग्रेस के आंदोलनों पर झूठे आरोप लगा कर जनता को गुम रहा कर रहे है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के इतिहास में परिवर्तनकारी रहे

# युवा शक्ति के बल पर भारत बनेगा विकसित देश : डा. अर्चना गुप्ता

**मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता को स्मृति चिंह भेंट करते हुए युवा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि युवा शक्ति भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। डा. अर्चना गुप्ता रविवार को पानीपत स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में युवाओं की संगठन में भूमिका विषय पर आयोजित प्रदेश युवा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पर्व शर्मा, संदीप संजुमा, इन्द्रजीत यादव, अक्षित दहिया, रामा बल्हारा, प्रसन्नता चावरिया, बंटी पांचाल, सुनील कपूर, अमित पंडित ,प्रिन्स गुप्ता, के अलावा प्रदेशभर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक व्यापक अभियान है, जिसमें युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवाओं का उत्साह, ऊर्जा, नवाचार और संगठन के प्रति समर्पण निश्चित रूप से विकसित भारत और विकसित हरियाणा के लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष भारत के इतिहास में परिवर्तनकारी और ऐतिहासिक रहे हैं। इन वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, आधारभूत ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिली है और भारत दुनिया की प्रमुख शक्तियों में शामिल हुआ है।

**भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी**

डा.गुप्ता ने युवा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी हैं। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति माना है। इसी सोच के तहत मोदी सरकार ने युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के क्षेत्र में अनेक अवसर प्रदान किए हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति से सराबोर हुए श्रद्धालु



**पानीपत।** प्राचीन श्री देवी मंदिर में बंसल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य लालमणि पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्तों के प्रति उनकी करुणा तथा धर्म,भक्ति और सत्कर्म के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है और उसे ईश्वर के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाता है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा के बीच बीच में प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से नृत्य कर भगवान का गुणगान किया। आचार्य लालमणि पांडे ने बताया कि कथा का समापन आगामी दिवस पर हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महावीर बंसल, धनराज बंसल, मुकेश बंसल, शिव कुमार, राम विलास व संजय कुमार आदि मौजूद रहे।



पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन में भजन गाते हुए श्रद्धालु।

### पुरुषोत्तम मास कथा में राधा-कृष्ण के प्रेम का संदेश

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन में आयोजित पुरुषोत्तम मास मलमास कथा के 29वें दिन कथा वाचक पंडित बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल प्रेम और भक्ति के वश में होते हैं। उन्होंने बताया कि राधा और कृष्ण का संबंध आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है तथा निष्काम प्रेम ही ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। शास्त्री जी ने महारास और राधा कृष्ण के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि भगवान प्रत्येक जीवात्मा के लिए सदैव उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मलमास समाप्त होने पर पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु से पुनः संसार में जाने की व्यथा व्यक्त करता है। मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि जहाँ निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और भक्ति होती है, वहीं राधा कृष्ण का वास होता है। यही कारण है कि आज भी पूरी दुनिया श्रद्धापूर्वक राधा कृष्ण की युगल छवि के सामने शीश नवाती है।

## भगवान का स्वरूप है रक्तदाता : संजीव

- विश्व रक्तदाता दिव पर पानीपत जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। जेल में रक्ताओं को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए जेलर संजीव कुमार।

विश्व रक्तदाता दिवस के विशेष अवसर पर जिला जेल, पानीपत द्वारा महानिदेशक कारागार हरियाणा, पंचकुला के निर्देशानुसार एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अधीक्षक जेल संजीव कुमार की अध्यक्षता व डा रजत व उनकी टीम, सिविल हस्पताल पानीपत के विशेष सहयोग से जेल परिसर में ही आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य रक्तदान करें, उम्मीद जगाए, जीवन बचाए के संदेश को सार्थक करना था। वहीं, इस मानवीय कार्य में जिला जेल के अधिकारियों, जेल कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।

शिविर में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कई लोगों ने जीवन रक्षक बनने का संकल्प लिया। जेलर संजीव कुमार एक बार रक्तदान करने से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं चाहे वह किसी की मां हो, कोई बच्चा हो या फिर किसी दुर्घटना का शिकार हुआ व्यक्ति। सिविल सर्जन, पानीपत की मेडिकल टीम की देखरेख में सभी जरूरी मानकों को पूरा करते हुए सुरक्षित तरीके से रक्त एकत्र किया गया। जेल प्रशासन ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## सिपाही से हवलदार बनने को पाइट में हुआ टेस्ट

**करनाल मंडल के पानीपत, कैथल व करनाल के 731 पुलिस कर्मियों ने दी परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। पाइट में बी–1 परीक्षा का निरीक्षण करते आईजी करनाल रेंज अशोक कुमार, डीसीपी सोनाक्षी सिंह आदि। फोटो : हरिभूमि

सिपाही से हवलदार बनने के लिए बी-1 परीक्षा से पहले रविवार को करनाल मंडल के तीन जिलों के 731 पुलिसकर्मियों का समालखा स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराया गया। पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल (आईजी) अशोक कुमार, डीसीपी सोनाक्षी सिंह व अन्य अधिकारियों की निगरानी में पानीपत, करनाल व कैथल से आए जवानों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। इधर, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल आईपीएस के दिशा निर्देशों पर करनाल रेंज के पुलिसकर्मियों की बी-1 परीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) करनाल मंडल अशोक कुमार की अध्यक्षता में विशेष कमेटी गठित की गई है। कमेटी में करनाल पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, सोनीपत डीसीपी सोनाक्षी सिंह को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। विशेष कमेटी की देखरेख में सिपाहियों को पदोन्नति से संबंधित नियमों की गहराई से जानकारी देने के लिए रविवार को पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। वहीं, नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि पुलिस विभाग में सिपाही से हवलदार पद की पदोन्नति के लिए कुछ नियम निर्धारित हैं। इन नियमों के अनुसार जिन पुलिस सिपाहियों की सर्विस पांच साल पूरी हो जाती है और सर्विस रिकार्ड अच्छा है उनको मुख्य सिपाही पद पर पदोन्नति के लिए एक प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है। सिपाही का ऑनलाइन टेस्ट लिया जाता है। यह पदोन्नति के लिए पहली सीढ़ी है, जिसको बी-1 टेस्ट कहा जाता है। टेस्ट हर वर्ष सभी जिलों में होता है। इस टेस्ट को लेने से पहले मॉक टेस्ट लिया जाता है। मॉक टेस्ट देने से सिपाही को पता लग जाता है कि किस तरह टेस्ट होगा ताकि फाइन टेस्ट में किसी प्रकार की गलती न हो। मॉक टेस्ट के बाद इसी महीने इन सभी का फाइनल टेस्ट कराया जाएगा। जिसमें ऑनलाइन टेस्ट के साथ साथ फिजिकल टेस्ट भी होगा।




पानीपत। प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेसी नेता मनोज बागडी,रमेश मलिक व अन्य।

## कांग्रेस ने हमेशा दलितों को मुख्यधारा से जोड़ा : बागडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा रविवार को पानीपत में खटीक समाज प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम हुआ। वहीं, कार्यक्रम का उद्देश्य दलित समाज की विभिन्न उप-जातियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें कांग्रेस संगठन में अधिक से अधिक भागीदारी प्रदान करना था। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष मनोज बागड़ी ने करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों की सम्मानजनक भागीदारी की पक्षधर रही है। कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने समाज के कमजोर, वंचित एवं शोषित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। यहां अनुसूचित जाति विभाग एआईसीसी के कोऑर्डिनेटर श्री बाबूराम सांखला, जिला कांग्रेस कमेटी पानीपत के अध्यक्ष रमेश मलिक, स. बलजीत सिंह, सतपाल वाल्मीकि, नरेंद्र भिवान, मनोज वाल्मीकि, डॉ ओमबीर पंवार आदि रहे।

## जरूरमंदों के लिए रक्तदान करना ईश्वरीय कार्य : मेयर कोमल सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विश्व रक्तदाता दिवस पर सैन्य अधिकारियों को सम्मानित करते विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जन सारथी फाउंडेशन, दीवान अस्पताल, राजस्थानी परिवार सेवा समिति, पानीपत साइकिल क्लब, ब्लॉक डी असंल के प्रतिनिधि व दीवान अस्पताल अंसल पानीपत के विशेष सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन दीवान अस्पताल के प्रांगण में हुआ। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी, समाजसेवी हरपाल ढांडा रहे और रक्तदाताओं व रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान्नित किया गया। रैडक्रास सचिव गौरव रामकरण ने बताया कि विश्व रैडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में दीवान अस्पताल परिसर में डा.पूजा सिंघल इंचार्ज रैडक्रास रक्त बैंक द्वारा 126 यूनिट रकत एकत्रित किया गया। जबकि रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली संस्थाओं जन सारथी फाउंडेशन, दीवान अस्पताल, राजस्थानी परिवार सेवा समिति, पानीपत साइकिल क्लब, ब्लॉक डी असंल के प्रतिनिधि, मदद इंडिया, आर्य कालेज, एसडी कालेज, आईबी कालेज, जन कल्याण नरूला फैमली, नरेन्द्र गुप्ता, तरूण छोक्करा, मदद सेवा संस्थान, कैलाशी सेवा समिति, एनएफएल, थर्मल, नरेश आचार्य व विनय बंसल सहित लगभग 35 से अधिक संस्थाओं, व्यक्तियों तथा आज के शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



पानीपत। अंसल में योग शिविर के समापन पर शिक्षक व साधक।

### योग व प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाएं : अशोक

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति द्वारा बी ब्लॉक, अंसल सुशांत सिटी में आयोजित योग शिविर का विधिवत समापन हुआ। पतंजलि जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने प्राकृतिक चिकित्सा एवं पंचतत्व मिट्टी, धूप, हवा, पानी और आकाश के माध्यम से स्वस्थ जीवन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर ही पूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। योग शिक्षिका सुमन वधवा ने बताया कि शिविर से बड़ी संख्या में नए लोग जुड़े और उन्हें योग व स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी मिली। अंतिम सत्र में राजेश आहूजा, सुमन वधवा, सुनीता खुराना और अनु कटारिया ने योगासन व योग क्रियाओं का अभ्यास कराया, जबकि अशोक अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 35 मिनट के योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। मोनिका खुराना ने कहा कि शिविर से योग साधकों को नई और उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर राजेश ठुकराल, गिरीश अग्रवाल, जेपी गुलाटी, संदीप, संजीव, संजय, सत्यनारायण, अजय, पूनम अरोड़ा व मोनिका आदि उपस्थित रहे।

## माकपा ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। माकपा कार्यकर्ता मोदी सरकार का पुतला जलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला पानीपत कमेटी के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जन समस्याओं को लेकर जीटी रोड स्थित भाजपा विधायक प्रमोद विज के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्र की मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, राजपाल, राजेंद्र छोकर, पायल एडवोकेट, जय भगवान, रोहतास, सीताराम, कंवर सिंह छौक्कर, रामकुमार यादव, प्रेमचंद, दिलावर सिंह राठी, निशांत एडवोकेट, गुलाब सिंह, सतवीर सिंह, शीशपाल शर्मा, अजय कुमार, रामकिशन कुंडू तथा पवन सैनी एडवोकेट सीपीआई आदि नेताओं ने किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सुनील दत्त और डॉ.सुरेंद्र मलिक ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, निजीकरण, किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलने, मजदूरों के आंदोलनों पर दमन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले, पेपर लीक, बेरोजगारी तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के मुद्दों से ध्यान हटाकर सांप्रदायिक राजनीति कर रही है और लोकतांत्रिक आंदोलनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास कर रही है। माकपा नेताओं ने जनविरोधी नीतियों को वापस लेने और महंगाई, बेरोजगारी व किसानों व मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

## दान पात्रों में विदेशी मुद्रा, गहने, रत्न आदि निकल रहे

# चुलकाना धाम में दान राशि की गणना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

चुलकाना धाम बाबा श्याम मंदिर के दान पात्रों से निकली रकम आदि की गणना का कार्य लगातार रविवार को भी जारी रहा। दान पात्रों से नगदी के साथ विदेशी मुद्रा, सोने व चांदी के आभूषण, अन्य मूल्यवान वस्तुएं निकल रही है। स्मरणीय है कि मंदिर में 24 दान पात्रों की गिनती और की जानी है। इस बार पहली बार ग्राम पंचायत की निगरानी में गांव के लोगों की मौजूदगी में दान पात्र खोले गए। वहीं गांव चुलकाना के ग्रामीणों का आरोप है कि पहले दान पात्रों को एक परिवार के सदस्य खोलते थे और मंदिर में आए चढावे का हिसाब सार्वजनिक रूप से नहीं दिया जाता था। दूसरी ओर गांव चुलकाना के सरपंच सरपंच सतीश छौक्कर ने कहा कि मंदिर में सभी दान पात्रों की गिनती ग्राम पंचायत की मौजूदगी में पारदर्शी तरीके से कराई जा रही है। ग्राम पंचायत की ओर से भूषण नंबरदार नीटू छौक्कर की ड्यूटी इस कार्य के लिए लगाई गई है। इस मौके पर बीडीपीओ समालखा शक्ति सिंह, अकाउंटेंट अफसर मदन लाल तथा ग्राम सचिव प्रवीण सैनी भी मौजूद रहे। सभी नकदी की गिनती कर उसका पूरा रिकॉर्ड तैयार किया गया और राशि बैंक अधिकारियों को सौंप दी गई। गणना के दौरान चांदी के छत्र, बांसुरी, आंखें सहित अन्य चांदी के आभूषण तथा सोने का एक आभूषण भी मिला है। इन सभी आभूषणों का अलग से वजन कर उनका विवरण तैयार किया जाएगा। प्रशासन और ग्राम पंचायत की निगरानी में अब शेष 24 दान पात्रों की गिनती का कार्य भी चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। दूसरी ओर, चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा मन्दिर में रविवार को श्रद्धालुओं ने पूजन किया। वहीं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने भी बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर चुलकाना के सरपंच सतीश छौक्कर, मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने सुदेश का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला हत्या मामले में मुख्य आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना के गांव कांसापुर में महिला से मारपीट कर चोटे मारने , गंभीर चोटें लगने से हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विनायक उर्फ सौरभ निवासी गांव सुल्तानपुर यमुनानगर ने 13 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 12 जून 2026 को आरोपी कुलबीर सिंह व अन्य ने गांव कांसापुर में उसकी दादी से मारपीट की और चोटें मारी, गंभीर चोटों के कारण उसकी दादी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी कुलबीर सिंह को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### विश्व रक्तदान दिवस लगाया शिविर

**अंबाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर एवं सचिव विजय लक्ष्मी के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस पर रेडक्रॉस भवन अंबाला शहर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्टार डोनर रजिंद्र गर्ग, कृष्ण सैनी, सुरेंद्र दुबे, सतीश सेठी, राकेश मक्कड़, डॉ. किरन आंगरा व राजेश डोगरा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। डॉ नीतू सचदेवा की अगुवाई में सिविल अस्पताल अम्बाला छावनी की ब्लड बैंक टीम ने 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी ने किया।

### 15 जून से 24 जुलाई तक घर-घर जाकर करेंगे सर्वे

**अंबाला।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले कार्यों एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे।

### लोकोद्वार तीर्थ लोधर में विशाल मेला आज

**उचाना।** महर्षि लोमश तीर्थ सेवा समिति द्वारा 15 जून सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर लोकोद्वार तीर्थ गांव लोधर में विशाल धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ रागनी प्रतियोगिता, कुश्ती दंगल तथा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवती अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थल पर पहुंचकर पवित्र स्नान करेंगे।

### शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये निर्धारित

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हुए सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय कर दिया है। इस कदम से उत्पादकों को उनके उत्पाद का उचित भाव मिलेगा बल्कि उनकी आय में भी स्थिरता आएगी।

## ऑल वेदर स्विमिंग पूल के टेंडर की अव्यवस्था उजागर

# 2 महीने बीतने पर भी नहीं खुला पूल तैराकों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

डीएसए अध्यक्ष ने सीएम को ईमेल भेजकर जताई नाराजगी, कहा अत्याधुनिक सुविधाओं के बावजूद युवाओं की प्रतिभा के साथ हो रही है नाइंसाफी


**अंबाला।** अंबाला छावनी स्थित ऑल वेदर स्विमिंग पूल का दृश्य।

**स्विमिंग पूल की विशेषताए**

अंबाला छावनी के वॉर हीरोज मेमोरियल खेल स्टेडियम में तैयार किए गए इंटरनेशनल लेवल के ऑल-वेदर स्विमिंग पूल में कई तरह की शानदार सुविधाएं हैं। इस पूल में हीट पंप लगे हैं जो सर्दियों में भी पानी के तापमान को नियंत्रित (27-29 डिग्री) रखते हैं, जिससे साल भर तैराकी की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए 10-लेन का मुख्य पूल और अभ्यास व तैयारी के लिए एक अलग वार्मअप पूल मौजूद है। इसे फेडरेशन इंटरनेशनल डी नेशन के मानकों के अनुसार डिजाइन और अप्रूव किया गया है। यह पूल पूरी तरह से कवर्ड है। पूल के अंदर और बाहर फ्लड-लाइट्स लगी हैं, जिससे शाम या रात में भी पर्याप्त रोशनी रहती है। परिसर में वाटर-क्लीनिंग की आधुनिक मशीनें, आधुनिक चेंजिंग रूम, और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही खिलाड़ियों के ठहरने के लिए वातानुकूलित बॉयज स्पोर्ट्स हॉस्टल की सुविधा भी जुड़ी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुद्दा

दो महीने बीत जाने पर भी अंबाला छावनी के वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑल वेदर स्विमिंग पूल का टेंडर अब तक अलॉट नहीं हो पाया है। टेंडर अलॉट न होने से खिलाड़ियों को भारी परेशानी हो रही है। प्रतिभावान होते हुए भी इस अव्यवस्था से उनकी प्रतिभा दम तोड़ती नजर आ रहा है। टेंडर न होने पर जिला तैराकी संघ ने भी इसको लेकर गहरी नाराजगी जताई है। इसी वजह से डीएसए के प्रधान श्री राजिंदर विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और उपायुक्त को ईमेल भेज कर वॉर हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के ऑल वेदर स्विमिंग पूल का टेंडर अब तक अलॉट न होने पर गहरी नाराजगी जताई है। विज ने कहा कि स्विमिंग सीजन शुरू हुए 2 महीने बीत चुके हैं लेकिन खेल विभाग ने अभी तक टेंडर फाइनल नहीं किया है। इससे खिलाड़ियों की प्रेक्टिस बुरी तरह प्रभावित हो रही है। तैराकी प्रेमियों में सरकार के प्रति भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की इस देरी से अंबाला क्लब के निजी स्विमिंग पूल को सीधा फायदा पहुंच रहा है। वहां 4000/- रुपये मासिक फीस वसूली जा रही है। इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान हो रहा है। विज ने याद दिलाया कि पिछले वर्ष 2025 में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी जिसके चलते उन्होंने मुख्यमंत्री आवास जाकर पूरे मामले से अवगत कराना पड़ा था तब जाकर कर्मचारियों को रख के स्विमिंग पूल चालू किया गया था। अंबाला छावनी में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी न बनने का मुख्य कारण स्विमिंग पूल का उचित समय पर न खुलना है। जिस खूबी से पूर्व खेल मंत्री अनिल विज ने हर तरह के मौसम का स्विमिंग पूल चलने का बनावाया था उसे ढंग से अधिकारी इसे पूरा वर्ष चलने में विफल रहे हैं। इसके कारण हमारे खिलाड़ियों आम जनता को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। डीएसए ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उपायुक्त को जरूरी निर्देश देकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के आदेश दिए जाएं, ताकि खिलाड़ियों और आम जनता को और नुकसान न झेलना पड़े। उन्होंने चेताया कि और देरी होने पर पूरा सीजन बेकार चला जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-2027 में सरकार को फिर से राजस्व की भारी हानि होगी।

# कानूनी जागरूकता शिविर में युवाओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भूड़माजरी में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लीगल ऐड पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार जौली ने पीएलवी मंजीत के साथ उपस्थित ग्रामीणों को बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनों एवं बच्चों के अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जौली ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा वर्ष 2002 में की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य बाल श्रम को समाप्त करना तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के बचपन, शिक्षा और उनके अधिकारों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि गरीबी, सामाजिक असमानता, संघर्ष और विभिन्न संकटों के कारण अनेक बच्चों को मजदूरी करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए समाज, सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। जौली ने बताया कि वर्ष 2026 के विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की थीम "सभी के लिए सामाजिक न्याय, बाल श्रम का खात्मा" है। उन्होंने बाल श्रम की किसी भी घटना की जानकारी संबंधित विभागों को देने का आह्वान किया। शिविर के उपरांत पीएलवी मंजीत, चौकीदार बाबू राम एवं अन्य ग्रामीणों ने गांव में त्रिवेणी के पौधों का रोपण किया।

# श्री श्याम संकीर्तन की भक्ति रसधारा देर रात तक भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु

- हारे के सहारे श्याम हमारे भजन पर भक्तों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

गांव अधोया में मौर्विनंदन श्याम कमेटी द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर बाबा श्याम के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद भजन गायिका वर्षा रागिनी और कोमल गोरी ने ''हारे के सहारे श्याम हमारे'' सहित अनेक लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे। पूरे पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक फूलों एवं सुंदर सजावट से विशेष रूप से सजाया गया था। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कमेटी के पदाधिकारियों बृजेश बंसल एवं घनश्याम शर्मा ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा लोगों को धर्म के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि समिति भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई।

### 15 जून को किया जाएगा महादेव को महाजलाभिषेक

**नारायणगढ़।** श्रद्धा , आस्था और शक्ति का प्रतीक प्राचीन श्री महाकाली मंदिर में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर भगवान महादेव को महाजलाभिषेक किया जाएगा। मंदिर के पूजारी आचार्य राम चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 15 जून सोमवार को प्रात 10 बजे से 11 बजे तक महिला मंडली द्वारा कीर्तन किया जायेगा। उसके बाद महाजलाभिषेक 11 बजे से मध्याहन 12 बजे तक किया जाएगा तत्पश्चात कमल के फूल, समी पत्र , बेल पत्र, गंगाजल, नीले पुष्पों से विशेष पूजन किया जाएगा। दोपहर को 12 बजे आरती की जाएगी तथा उसके बाद कन्या पूजन किया जाएगा। फिर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पूजारी त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं को इस अवसर पर मंदिर में उपस्थित होकर धर्म लाभ कमाने का आह्वान किया है।

# परमात्मा के नाम सिमरन करने से दुखों का होता है नाशः साध्वी हेमसुता

- अमावस में दान, व्रत व तप करने से कई गुणा मिलता है फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** कथा करती साध्वी हेमसुता फोटो : हरिभूमि

रविवार को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में सोमवती अमावस्या के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री हेमसुता भारती ने कहा कि वैदिक धर्म में पुरुषोत्तम मास अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया हैं। यह मास लगभग हर तीन वर्ष में एक बार आता है और भगवान विष्णु को समर्पित होता है। पुरुषोत्तम मास के दौरान यदि अमावस तिथि सोमवार को पड़ जाए तो उस दिन किए गए जप, तप, दान, व्रत,और पीपल वृक्ष की पूजा का फल कई गुणा अधिक प्राप्त होता हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग करने से भी पुण्य मिलता हैं व इसके श्रवण, मनन और चिंतन मात्र से जीव इस लोक में समस्त सुखों को भोगता ही है साथ ही मृत्यु उपरांत पारलौकिक सुखों की भी प्राप्ति होती है। परमात्मा के नाम सिमरन करने से जहां दुखों,कष्टों का नाश होता हैं,वहीं नाम सिमरन से सब कार्य संपूर्ण होते है और स्वास स्वास में जपा नाम लोक व परलोक में सहायि होता हैं। उन्होंने उपस्थित संगत को प्रवचनों में बताया कि हमें जो मनुष्य जीवन मिला है हमें इस जीवन में अकाल पुरख के नाम के साथ जुड़ना चाहिए क्योंकि मनुष्य जीवन बार बार नहीं मिलता। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए।



### अच्छे कर्मों से जीवन में मिलती है खुशी : प्रतीक सागर

**मुलाना।** परम पूज्य क्रांतिवीर संत मुनिश्री 108 प्रतीक सागर महाराज के पावन सान्निध्य में रविवार को एसएस जैन स्थानक में धर्मसभा एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। प्रवचन में मुनिश्री प्रतीक सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य जीवन में हर पल खुशी चाहता है लेकिन वास्तविक और स्थायी खुशी केवल पुण्य कर्मों से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि धन, वैभव और भौतिक सुख व्यक्ति को क्षणिक आनंद दे सकते हैं परंतु आत्मिक शांति और सच्चा सुख सद्कर्मों, सेवा, दया, संयम तथा धर्म के मार्ग पर चलने से मिलता है। मुनि ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ऐसे कार्य करने चाहिए जो समाज और मानवता के हित में हों। अच्छे कर्मों का फल सदैव सुखद होता है जबकि बुरे कर्म व्यक्ति को दुख और अशांति की ओर ले जाते हैं। उन्होंने सभी से अपने जीवन में धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक से नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद जींद द्वारा शहर में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून के दिशा निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। जिला नगर आयुक्त अनिल कुमार दून ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, घर-घर कचरे के पृथक्करण की आदत विकसित करना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी देना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत रविवार को सुबह मुख्य जींद रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से यात्रियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया। नाटक के जरिये गीले और सूखे कचरे को अलग.अलग रखनेए सार्वजनिक स्थानों को साफ.-सुथरा बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।


ठंडे मीठे पानी की छबील का शुभारंभ करते सुरेंद्र खरकभूरा, अनिल शर्मा एवं प्रवीण गर्ग।

### नरवाना बाइपास पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**उचाना।** नरवाना बाइपास पर रविवार को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील का शुभारंभ मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्माए भाजपा नेता दीपक बुडायन तथा मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में राहगीरों और वाहन चालकों ने रुककर ठंडा मीठा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। चेयरमैन सुरेंद्र ने कहा कि समाज सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। गर्मी के मौसम को देखते अधिक से अधिक स्थानों पर ठंडे मीठे पानी की छबीलें लगाई जानी चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सेवा कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते सक्षम लोगों को छबील लगाकर जनसेवा करनी चाहिए। कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाना जरूरी है। छबीलें राहगीरों और वाहन चालकों की प्यास बुझाने के साथ-साथ मानवता और सेवा की भावना को भी मजबूत करती हैं। विकास वशिष्ठ, भीष्म अत्री, आशु, मांगेराम शर्मा, भूपेंद्र, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### नकदी चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार,केस दर्ज

**अंबाला।** थाना मुलाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव सांबापुर में नकदी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार निवासी गांव सांबापुर ने 13 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 24 मई 2026 को गांव में आरोपी दिलबाग व सुनील ने उसके घर से 15 हजार की रकम तथा किसी अन्य के घर से 40 हजार की रकम चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने तत्परता से कार्यवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी दिलबाग व सुनील उर्फ गोलू को काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने अभिनंदन समारोह में की शिरकत

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर भाजपा ने हासिल की सफलताः गुप्ता

मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिलाओं व युवाओं के उत्थान के लिए लागू की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** पार्टी के दिवंगत नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित करती प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता।

भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, त्याग, तपस्या और पार्टी के प्रति अटूट विश्वास के बल पर ही भाजपा ने केंद्र और प्रदेश में लगातार सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनैतिक पार्टी बन चुकी है। यहां आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा में कोई कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता। एक बूथ अध्यक्ष अपने बूथ पर जितनी अधिक मेहनत करता है, उसी की बदौलत पार्टी चुनावों में जीत हासिल करती है और सत्ता तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से ही भाजपा ने केंद्र और राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी अनेक योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू किए गए सुशासन और पारदर्शिता के मॉडल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों और जरूरतमंद वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला और मंडल स्तर पर जनकल्याण शिविर करने के निर्देश दिए हैं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंच सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आगामी चुनावों में जिले की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा को विजय दिलाने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प लें।